श्री बंशीधर नगर, शनिवार
20.04.2024
चैत्र शुक्लपक्ष द्वादशी, संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 235

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:33 बजे
अस्त - 06:17 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 39 डिग्री से.
न्यूनतम : 25 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
उत्साह के साथ करेंगे मतदान : रवि कुमार >> पेज 03 | कांग्रेस देशहित में विश्वास रखने वाली पार्टी >> पेज 04

## सुविचार

अगर कड़ी मेहनत आपके हाथ में है, तो सफलता एक दिन आपके कदमों में होगी!

## न्यूज अपडेट्स

### तालाब में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत

**गिरिडीह।** डुमरी थाना इलाके के तेलखरा में शुक्रवार को तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों सगे भाई थे। बगोदर के गुरगुरिया टांड़ निवासी चन्द्रिका साव की पत्नी टुनुआ देवी अपने दोनों बेटे आशीष (16) और छोटु (15) के साथ तेलखरा अपने मौसेरे भाई प्रकाश साव के घर शादी समारोह में भाग लेने तेलखरा आयी थी। शुक्रवार की दोपहर आशीष और छोटु अपनी मां और घर की अन्य महिलाओं के साथ स्नान करने घर के कुछ दूरी पर स्थित तालाब गये थे। इसी दौरान एक भाई डूबने लगा तो यह देख दूसरा भाई उसे बचाने गया और दोनों डूबने लगे। शोर मचाने पर गांव के लोग वहां जमा हुये और दोनों को बाहर निकाला तथा डुमरी रेफरल अस्पताल लाये गये। चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### एनटीपीसी प्लांट में लगी आग

**चतरा।** राज्य के चतरा जिले के टंडवा में संचालित एनटीपीसी प्लांट में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना की वजह से प्लांट में चारों ओर अफरा-तफरी मच गई। आग पर काबू पाने के लिए एनटीपीसी के जीएम ने फायर ब्रिगेड को कॉल किया है। आग से लाखों के नुकसान का अनुमान है। आग लगने और कोयले की लपटों से पूरा इलाका धुएं से भर गया है। टंडवा प्रखंड क्षेत्र के लोगों को धुएं से सांस लेने में दिक्कतें हो रही है। बताया जा रहा कि घटना के लगभग 45 मिनट बीत जाने पर भी आग बुझायी नहीं जा सकी है।

### तीन लाख का नकली अंग्रेजी शराब जब्त

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर धनबाद उत्पाद विभाग की ओर से लगातार अवैध नकली शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को इसी क्रम में निरसा थाना क्षेत्र के गोरगा बस्ती में उत्पाद विभाग और स्थानीय पुलिस के द्वारा फरार चल रहे अवैध नकली अंग्रेजी शराब व्यवसायी विकास साहनी के आवास पर छापेमारी की गई, जहां से छापेमार दल ने करीब तीन लाख रुपये नकली अंग्रेजी शराब बरामद किया है।

## जैक बोर्ड 10वीं का रिजल्ट घोषित, 90.39 फीसदी परीक्षार्थी सफल

# प्रथम तीन टॉपर रहीं बेटियां

### इस बार 20 दिन पहले रिजल्ट आया : अध्यक्ष





**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने शुक्रवार को माध्यमिक बोर्ड परीक्षा (10वीं बोर्ड) का रिजल्ट जारी कर दिया है। मैट्रिक परीक्षा में 90.39 फीसदी बच्चों ने सफलता हासिल की है। मैट्रिक परीक्षा में 4,21,678 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 3,38,398 (90.39 फीसदी) पास हुए हैं।
परीक्षा में 2,05,110 परीक्षार्थी (54.20 फीसदी) फर्स्ट डिवीजन जबकि 1,53,733 (40.65 फीसदी) सेकेंड डिवीजन और 19,555 (5.17 फीसदी) थर्ड डिवीजन से पास हुए हैं। एक बार फिर झारखंड की बेटियों ने बाजी मार ली है। परीक्षा में 91 प्रतिशत लड़कियां और 89.7 प्रतिशत लड़के सफल हुए हैं। जमशेदपुर का रिजल्ट सबसे अच्छा 94 प्रतिशत रहा जबकि 84.5 फीसदी के साथ देवघर का सबसे खराब प्रदर्शन रहा। पिछले साल (2023) मैट्रिक की परीक्षा में 95.38 फीसदी रिजल्ट रहा था।
झारखंड शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह, माध्यमिक शिक्षा निदेशक उत्कर्ष गुप्ता, झारखंड एकेडमिक काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार महतो और सचिव एसडी तिग्गा ने संयुक्त रूप से रिजल्ट जारी किया।
झारखंड टॉपर हजारीबाग की रहने वाली और इंदिरा गांधी विद्यालय की छात्रा ज्योत्सना ज्योति को 99.2 प्रतिशत नंबर मिले हैं। सेकेंड टॉपर सना संजरी 98.6 प्रतिशत और थर्ड टॉपर करिश्मा सृष्टि सौम्या को 98.4 प्रतिशत नंबर मिले हैं।
जैक 10वीं की परीक्षा छह फरवरी से 26 फरवरी तक आयोजित की गयी थी। इस बार बोर्ड परीक्षा में चार लाख 21 हजार 687 परीक्षार्थी शामिल हुए। बोर्ड परीक्षा को लेकर कुल 1,238 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। साल 2023 की बात करें जैक मैट्रिक की परीक्षा 14 मार्च से तीन अप्रैल तक आयोजित की गयी थी। मैट्रिक की परीक्षा के लिए 1225 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। इस परीक्षा में 4.34 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे।
जैक अध्यक्ष डॉ. अनिल महतो ने कहा कि आम चुनाव को देखते हुए हम लोग इस बार जल्दी रिजल्ट जारी कर रहे हैं। अन्य सालों के मुकाबले इस बार 20 दिन पहले रिजल्ट हुआ है। उन्होंने कहा कि दस दिनों के अंदर 12वीं का रिजल्ट भी जारी कर दिया जायेगा। बीते साल तक मई में परिणाम जारी किए जाते थे लेकिन इस साल शेडयूल समय से पहले 10वीं का रिजल्ट जारी कर दिया गया।

## दूसरे दिन भी कोई नामांकन नहीं, दो फार्म बिके

**मेदिनीनगर।** पलामू अजा संसदीय सीट चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया गुरुवार से शुरू है। दूसरे दिन भी कोई नामांकन नहीं हुआ। मात्र दो नोमिनेशन फार्म बिके। बता दें कि पिछले दो दिनों के दौरान 6 नामांकन पत्र बिक चुक हैं। दूसरे दिन लोकहित अधिकार पार्टी के सनन राम एवं भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी के अभय कुमार भुइयां ने नामांकन पत्र खरीदे। नामांकन 25 अप्रैल तक चलेगा। नामांकन का पर्चा समाहरणालय में निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष भरा जायेगा। इसे लेकर समाहरणालय और आस पास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। पर्याप्त संख्या में महिला-पुरूष सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है, जो आने-जाने वालों पर नजर बनाये हुए हैं। नामांकन जांच यानी स्क्रूटनी 26 अप्रैल को और नाम वापसी की अंतिम तिथि 29 अप्रैल है काउंटिंग की तिथि चार जून निश्चित है। 13 मई को चौथे फेज में पलामू के साथ लोहरदगा, खूंटी और सिंहभूम में भी मतदान कराया जाएगा। पलामू जिले में चौथे के साथ-साथ पांचवें चरण में भी चुनाव होगा। पांचवें चरण का मतदान 20 मई को निर्धारित है। पलामू के पांकी विधानसभा क्षेत्र के चतरा संसदीय क्षेत्र में पड़ने के कारण उसका चुनाव पांचवें चरण में होगा। पलामू संसदीय सीट के अंतर्गत 6 विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जबकि चतरा के अंतर्गत चार विधानसभा क्षेत्र पड़ते हैं।

### सड़क हादसे में महिला की मौत

**दुमका।** जरमुंडी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह बासुकीनाथ नोनीहाट मुख्य मार्ग पर घोरटोपी के पास मछली लदे पिकअप वैन और मोटरसाइकिल की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस टक्कर में बाइक सवार महिला रामगढ़ लतबेरवा की रहने वाली हीरामणि मुर्मू (25) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं उसके पति विनय सोरेन एवं पूनम हांसदा गंभीर रूप से घायल हो गई।

## लू की चपेट में पलामू, 15 जून तक बढ़ती रहेगी गर्मी

# 43 डिग्री पारा, झुलस रहा बदन

**मेदिनीनगर।** पलामू में लगातार गर्मी बढ़ रही है। जिला का लगभग हिस्सा गर्म हवाओं की चपेट में है। अधिकतम तापमान हर दिन बढ़ता ही जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र के रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटे में मौसम शुष्क रहा है। इस बीच जिले का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। शुक्रवार को 43.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 23.07 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने अपने पूवार्नुमान में कहा है कि जिस तरह का मौसम अभी चल रहा है, ऐसी स्थिति पूरे माह रहने वाली है। मई से 15 जून तक गर्मी बढ़ेगी ही।



मौसम विज्ञान केंद्र के रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर पश्चिम से चल रही शुष्क हवा के कारण करीब करीब इलाका लू की चपेट में आ गया है। अधिकतम तापमान बढ़ रहा है और गर्म हवाएं चलने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। दोपहर दो बजे जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के कोयल नदी पुल पर गर्म से लोग अपने चेहरे को ढककर चलते पाए गए। पूरा बदन झुलस रहा था।
हालांकि मौसम विभाग ने अपने पूवार्नुमान में मौसम के बदल जाने की बात कही है। 22 अप्रैल को हल्के बादल छाए रह सकते हैं। मौसम में यह परिवर्तन थोड़ा राहत दे सकता है। पलामू, गढ़वा समेत आधा दर्जन से अधिक जिलों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।
भीषण गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग ने लोगों को एहतियात बरतने को कहा है। केंद्र की ओर से सलाह भी जारी की गई है। जिसमें कहा गया है कि बहुत जरूरी ना हो तो दिन के 11 से दोपहर 3 तक घर से बाहर निकलने से बचें। अगर निकालना जरूरी है तो टोपी पहनकर या छाता लगा कर चलें। शरीर में पानी की कमी नहीं होने दें। बच्चों और बुजुर्ग का इस गर्मी में विशेष ध्यान रखना होगा। वैसे श्रमिक जो भारी काम करते हैं, उन्हें दोपहर 11 से 3 बजे तक बचना चाहिए। संभव हो तो नियमित पानी पीते रहें।

# निर्वाचन की तैयारियों में नहीं चलेगी बहानेबाजी : रवि कुमार



### पलामू लोस क्षेत्र के गढ़वा में चुनाव संबंधी तैयारियों की समीक्षा की

**रांची।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तैयारियों में कोई शिथिलता और बहानेबाजी नहीं चलेगी। गर्मी-धूप लग रही तो माथे पर गमछा लगाएं और क्षेत्र भ्रमण कर निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें। निर्वाचन कार्य की तैयारियों में बेहतर परिणाम चाहिए। यह बातें राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कही। वे शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के तहत पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा जिले में अबतक की गई तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। गढ़वा जिले के समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अवैध शराब की बिक्री एवं आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने संपूर्ण जिला क्षेत्र के साथ-साथ बॉर्डर क्षेत्र के प्रखंड एवं थाना क्षेत्रों में सघन छापेमारी एवं जांच अभियान चलाकर संलिप्त आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया। रवि कुमार ने उत्पाद अधीक्षक को अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए पुलिस पदाधिकारियों के साथ समन्वय कर संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए 22 अप्रैल तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया।

### शस्त्र जमा नहीं करने वालों के विरुद्ध करें कार्रवाई

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने शस्त्र जमा कराने की कार्रवाई में गति लाने का निर्देश दिया। शस्त्र जमा नहीं करने वालों की शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्द करने का निर्देश दिया। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की स्थिति पर कार्रवाई का निर्देश दिया। साथ ही निर्वाचन के कार्यों में लगे वाहनों का प्रबंधन ससमय करने का भी निर्देश दिया।

### स्वास्थ्य सुविधा के लिए बूथों की करें मैपिंग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मतदान केन्द्रों पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को मतदान केंद्र का मैपिंग करते हुए एएनएम, जीएनएम सहिया आदि की तैनाती कर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराये ताकि मतदान के दिन मतदान कर्मियों एवं मतदान केंद्र पर आने वाले मतदाताओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान हो सके।

### दिनभर मतदान

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इस बार दिन भर मतदान होगा। सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होना है। उन्होंने अंतर्राज्यीय एवं अंतरजिला चेक पोस्ट पर विशेष निगरानी रखते हुए सघन जांच कराने का निर्देश दिया।

### पेयजल की रखें मुकम्मल व्यवस्था

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि गर्मी का मौसम है। पानी की समस्या सामने आने लगी है। ऐसे में मतदान केन्द्रों पर पेयजल की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## धोखाधड़ी. 57 लाख रुपये की ठगी प्राथमिकी, रांची के दो आरोपी नामदर्ज

**दुमका।** धोखाधड़ी कर 57 लाख रुपए ठगी करने के मामले में रांची के दो लोगों के विरुद्ध नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह कार्रवाई दुमका शहर के चम्पानगर, ग्रांट स्टेट मुहल्ले के पतरास टुडू के बयान पर नगर थाना की पुलिस ने की है। पतरास टुडू का आरोप है कि रांची के विनोद गुड़िया से उनकी जान पहचान थी। दोनों के बीच बातचीत होती थी। दोनों ने उन्हें फोन पर रुपए को दोगुना करने का लालच दिया। दोनों के बहकावे में वे आ गए। दोनों युवक विनोद गुड़िया एवं सलीम जॉन टोपनो रिश्ते में साला और बहनोई है। उसका साला सलीम जॉन टोपनो बड़ा घाघरा, सीरम टोली डोरंडा, एजी ऑफिस कैम्पस रांची में रहता है और वह राशन का थोक विक्रेता है। उसके साला ने कुसई बड़ा घाघरा रांची में आशीष स्टोर से खोला है। ट्रेडिंग का भी काम करता है। छह महीने के अंदर उक्त रुपए को डबल कर वापस कर देगा। विनोद गुड़िया एवं सलीम जॉन टोपनो की बातों में वे आ गए और रुपए देने के लिए राजी भी हो गए। पीड़ित पतरास टुडू ने अपने बेटे अभिषेक टुडू के एसबीआई खाता से 29 मई 2022 को 2 लाख 40 हजार, 30 मई 2022 को दो लाख, पत्नी मेरीला मुर्मू के एसबीआई खाता से पांच लाख रुपया ट्रांसफार्मर किया। वहीं 8 जुलाई 2022 को 18 लाख सलीम जॉन टोपनो और विनोद गुड़िया ने दुमका आकर सलीम जॉन टोपनो के खाता में 24 लाख रुपया ट्रांसफर किया। दोनों साला और बहनोई के खाते में कुल 57 लाख रुपए को ट्रांसफर किया गया।

# सीआरपी ने की प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक, दिये कई निर्देश



बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** संकुल संसाधन केंद्र चितविश्राम में शुक्रवार को संकुलाधीन सभी उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय, उत्क्रमित मध्यविद्यालय, प्राथमिक विद्यालय, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय तथा नव प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की बैठक हुई। बैठक सीआरपी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सीआरपी ने प्रयास-सह-प्रोजेक्ट इंपैक्ट कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों के तहत कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने चार हाउस का निर्माण, बाल-संसद का गठन करने, विभिन्न क्लबों का गठन, चारों हाउस द्वारा नोटिस बोर्ड का निर्माण और उसे सुसज्जित करने, आदर्श प्रार्थना सभा का आयोजन, जिसमें हाउस वाईज बच्चों को पंक्तिबद्ध होना, अपना ध्वज लगाना, प्रार्थना सभा में समाचार, सामान्य ज्ञान, आज का विचार एवं प्रस्तावना को पढ़ा जाना, सप्ताह में दो से तीन दिन व्यायाम एवं योगाभ्यास कराना, प्रोजेक्ट रेल के टॉपर को सम्मानित करना, बच्चों का पोशाक, नाखून, स्वच्छता की जांच करना, बच्चों, शिक्षकों तथा महापुरुषों का जन्म दिवस मनाना, पुण्यतिथि पर महापुरुषों को याद करना, कक्षा कक्ष की सफाई सहित अन्य कार्यो की जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका से सम्पर्क कर यह रिपोर्ट तैयार कर लें कि प्रथम वर्ग में कितने बच्चों का नामांकन करना है इसी तरह मध्य विद्यालय अपने पोषक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय से तथा उच्च विद्यालय पोषक क्षेत्र के मध्य विद्यालय से इस वर्ष उतीर्ण होने वाले बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में द्वारिका नाथ पांडेय, राजनाथ राम, संजय शुक्ल, नन्दलाल पांडेय, उदय कुमार, रागिनी रवानी, रुबी कुमारी, अशोक कुमार ठाकुर, सुग्रीव राम, जगरनाथ राम, अखौरी प्रवीण कुमार सिन्हा सहित सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### घर पहुंचा चेन्नई कमाने गये मजदूर का शव

**नावाबाजार :** प्रखंड मुख्यालय के मीर मुहल्ला निवासी मुमताज खान का शव शुक्रवार को उसके घर पहुंचा। वह एक माह पूर्व मजदूरी करने चेन्नई गया था और वहां शटरिंग का कार्य करता था। तीन दिन पूर्व कमरे में सोये हुये थे इसी दौरान सुबह के लगभग 3 बजे मुमताज खान का दिल का दौरा पड़ा और उसकी मौत हो गई। नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार व स्थानीय लोगों की पहल पर उसका शव शुक्रवार को एंबुलेंस से मुमताज के पैतृक निवास पहुंचा। सभी रस्मों को पूरा करने के बाद शव को स्थानीय कब्रिस्तान में खाक-ए-सुपुर्द किया गया। मौके पर नावाबाजार के पूर्व जिप सदस्य अनुज राम, उपप्रमुख मिर खुर्शीद आलम, कांग्रेस युवा जिला सचिव मीर आरिज आलम समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## 10वीं बोर्ड सरस्वती विद्या मंदिर के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उतीर्ण

# 95.6 प्रतिशत अंक लाकर साक्षी चौबे बनी टॉपर

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** सरस्वती विद्या मंदिर के सभी विद्यार्थी झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा आयोजित दशम बोर्ड 2024 की परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुये हैं। विद्यालय के टॉप टेन में साक्षी चौबे पिता ब्रजेश कुमार चौबे 95.6%, निशीबाला चौबे-पिता शशि मोहन चौबे 93.4%, प्रिया कुमारी पिता मनोज पाल 93%, आर्यन विभूति पिता पारस विभूति 93%, माही राज पिता आनंद प्रसाद 92.8%, मुस्कान कुमारी पिता गोरखनाथ गुप्ता 92.6%, आरूषी कुमारी-पिता जितेंद्र प्रसाद 92.2%,शिवराज प्रसाद पिता ज्वाला प्रसाद 91.8%, मुस्कान सिंह पिता राकेश सिंह 91.6%, रागिनी कुमारी पिता धीरज








कुमार 91.4%, ज्योति प्रिया पिता ऋषिकांत प्रसाद गुप्ता 91.4%, पलक पांडेय पिता श्याम नाथ पांडेय 91.2% के नाम शामिल हैं। बच्चों की सफलता पर विद्यालय परिवार ने खुशी प्रकट करते हुये बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। खुशी प्रकट करने वालों में विद्यालय के

अध्यक्ष जोखू प्रसाद, सचिव रवि प्रकाश, उपाध्यक्ष डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, अनिल विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद, प्रधानाचार्य रविकांत पाठक के नाम शामिल हैं। उनलोगों ने कहा कि अथक परिश्रम से ही सफलता प्राप्त होती है, इसलिये निरंतर प्रयास करते रहना चाहिये। सभी को इस उत्तम रिजल्ट के लिये बहुत-बहुत बधाई।

### साक्षी चौबे ने टॉप 5 में जगह बना क्षेत्र का नाम किया रौशन



**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर शहर के पाल्हे कला गांव निवासी ब्रजेश चौबे की पुत्री साक्षी चौबे ने मैट्रिक परीक्षा में जिले में टॉप पांच में जगह बनाकर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। सरस्वती विद्या मंदिर की छात्रा साक्षी ने परीक्षा में 478 (95.6 फीसदी) अंक प्राप्त की है। इस सफलता का श्रेय साक्षी ने अपने गुरुजनों, पिता ब्रजेश चौबे और मां किरण देवी के आशीर्वाद और मार्गदर्शन को दिया है। साक्षी ने कहा कि लगन से हर निरंतर प्रयास करते हुये हर सफलता को प्राप्त किया जा सकता है। उसने कहा कि आगे वह कुशल डॉक्टर बनना चाहती है।

## मां सायर देवी धाम में दुगोला चैता के साथ 10 दिवसीय वार्षिकोत्सव



**मेराल :** प्रसिद्ध मां शायद देवी धाम मंदिर में चल रहे दस दिवसीय वार्षिकोत्सव का समापन शुक्रवार प्रातः दुगोला चैता मुकाबला के समापन के साथ हो गया। गुरुवार की रात में आयोजित दुगोला चैता का उद्घाटन मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप जलाकर एवं फीता काटकर किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को रामनवमी और चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि भगवान राम के आदर्शों को हम सभी को अपने जीवन में अपनाना चाहिये, जिससे जीवन सरल हो जायेगा। उन्होंने कहा संपूर्ण मानवता को सही मार्गदर्शन तथा आसुरी शक्तियों एवं घमंड का नाश करने के लिये भगवान विष्णु ने श्री राम के रूप में अवतरित हुये थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से देवी धाम संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत, कार्यक्रम के प्रभारी विजय प्रसाद, मुख्य संरक्षक प्रेमचंद प्रसाद, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, मनोज जायसवाल, प्रमोद महाजन विनोद प्रसाद आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उद्घाटन के मौके पर झामुमो प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान, प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष सूर्य प्रकाश, मुखिया रामसागर महतो, वीरेंद्र नाथ तिवारी, हरेंद्र चौधरी, अजय प्रसाद गुप्ता, मुन्ना राम, अशोक राम सहित कई झामुमो नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कंडा घाटी में दुर्घटना, युवक की मौत

**नावाबाजार :** एनएच-98 औरंगाबाद मेदिनीनगर मुख्य पथ पर शुक्रवार को एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना नावाबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत कंडा घाटी की है। हरिहरगंज निवासी बाईक सवार शेखर कुमार पिता राजेश विश्वकर्मा हरिहरगंज से मेदिनीनगर की ओर जा रहा था। इसी बीच औरंगाबाद की ओर जा रहे एक वाहन ने बाईक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। जिस कारण राजेश विश्वकर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने एएसआई नागेंद्र तिवारी को घटनास्थल पर भेजा। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुये अंत्यपरीक्षण के लिये मेदिनीनगर स्थित एमएमसीएच भेज दिया है।

## मजदूरों को बाहर भेजने वाला गिरफ्तार

**पांकी :** पांकी पुलिस ने आरोपी इस्लाम अंसारी को उसके गांव सकलदीप से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जावेद अंसारी पर गरीब मजदूरों को प्रलोभन देकर काम करवाने के लिये देश के विभिन्न क्षेत्रों में भेजने का आरोप है। बाहर में मजदूरों को कई प्रकार से प्रताड़ित किया जाता था। इसी क्रम में सोंस गांव के हलधर भुईयां की मौत जम्मू कश्मीर में हो गई थी। उसके शव को परिवार वालों को बिना सूचना दिये और बिना पोस्टमार्टम कराये ही जावेद अंसारी द्वारा मृतक के घर के पास पहुंचा दिया गया था। इस घटना के बाद से जावेद अंसारी फरार था। इस मामले में उसके खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

## शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव कराना हम सभी का दायित्व : एसडीओ

**हुसैनाबाद :** एसडीओ पीयूष सिन्हा व एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव को लेकर अनुमंडल क्षेत्र के कई बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पोलिंग पार्टी के ठहरने के साथ साथ बिजली, पेयजल के साथ साथ दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाता को सहुलियत के साथ मतदान कराने की व्यवस्था को सुदृढ़ करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराना ही हम सभी का दायित्व है। जिसमे सभी अधिकारी का सहयोग जरूरी है। उन्होंने बूथों पर मतदाता कर्मियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर कई निर्देश दिये। मौके पर एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, हुसैनाबाद बीडीओ रौशन कुमार सहित कई प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## बोलेरो हुई दुर्घटनाग्रस्त, आधा दर्जन से अधिक यात्री गंभीर



**कांडी :** थाना क्षेत्र अंतर्गत खुटहेरिया गांव स्थित यात्री शेड से पहले सतबहिनी-खुटहेरिया मुख्य पथ पर एक बोलेरो गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना शुक्रवार की शाम तकरीबन पांच बजे की है। गाड़ी का नम्बर जेएच 03 पी 9739 है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त गाड़ी में सवार आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हैं। बताया जा रहा है कि सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल में शादी हो रही थी। वहीं से उक्त बोलेरो गाड़ी बराती को लेकर उटारी रोड की तरफ वापस जा रही थी। गाड़ी की रफ्तार तेज होने की वजह से पलट गई। बताया जा रहा है कि गाड़ी में लगभग 10 से 12 सवारी थे। जिसमें महिला व बच्चे भी शामिल थे। दुर्घटना के बाद राहगीरों व बराती पक्ष के अन्य लोगों द्वारा घायलों को दुसरे गाड़ी से मझिआंव अस्पताल भेजा गया। घायलों में बराती पक्ष के प्रतिमा देवी 18 वर्ष, शारदा देवी 30 वर्ष, कांति देवी 22 वर्ष, महेंद्र रजवार 25 वर्ष सहित बोलेरो चालक जितेंद्र कुमार 22 वर्ष मुख्य रूप से शामिल हैं। घटनास्थल पर बच्चों का चप्पल व महिलाओं का सैंडल व टूटी चूड़ियां बिखरी हुई है।

## 9790 मतदानकर्मियों को दिया गया द्वितीय चरण का प्रशिक्षण



**मेदिनीनगर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी के आदेशानुसार व प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीडीसी रवि आनंद के निदेर्शानुसार शुक्रवार को 9790 मतदान कर्मियों को पीठासीन, प्रथम, द्वितीय व तृतीय मतदान पदाधिकारी का प्रशिक्षण दिया गया। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह,अमरेन्द्र पाठक, प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम,सहायक सौरव कुमार सिन्हा, दिनेश चंद्र पासवान के द्वारा प्रशिक्षण का अनुसमर्थन किया गया। प्रशिक्षण का अनुश्रवण छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा ने किया। मास्टर ट्रेनर अनीश सिंह, नितेश कुमार,आशीष रंजन, संजय राम, सुमंत सिंह, ब्रजेश कुमार, अजय सिंह, सरोज कुमार आजाद, दूधनाथ साहू, निखिल सिंह, निशिकांत नीरव, शशिभूषण सिंह, अविनाश रंजन, संजय पाण्डेय, अर्जुन राम, विजय कुमार, जितेन्द्र सिंह, गौतम प्रसाद, विकास सिंह, महताब खान, सुजीत कुशवाहा, मनोज कुमार द्विवेदी, विनोद दीक्षित आनंद मोहन सिंह सहित अनेक मास्टर प्रशिक्षक के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

# शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन कराने का निर्देश

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** प्रखंड के बीआरसी केन्द्र अधौरा में शुक्रवार को बीआरपी एवं सीआरपी की बैठक हुई। बैठक में बीपीओ तहमीना परवीन ने सभी सीआरपी को शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन कराने, कोई भी बच्चा अनामांकित न रहे इसकी व्यवस्था विद्यालय के पोषक क्षेत्र को करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में प्रयास कार्यक्रम को गम्भीरता से लागू कराना सुनिश्चित करें। बीपीओ ने प्रयास कार्यक्रम के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि हाउस का



निर्माण करते हुये विद्यालय पोषक क्षेत्र के प्रत्येक टोले के नामांकित बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। ट्रांजिशन, प्रोजेक्ट इंफैक्ट, पुस्तकालय, प्रयोगशाला आदि विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर उसे विद्यालय में लागू कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुये बूथ वाले सभी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो इसे सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त रखें तथा विद्यालय परिसर को स्वच्छ रखें। उन्होंने कहा कि विद्यालय में नहीं आने वाले बच्चों के घर जाकर अभिभावक से मिलकर बच्चों को विद्यालय भेजने का आग्रह करें। उन्होंने कहा कि विभागीय निर्देश के अनुसार आगामी 30 अप्रैल तक एसए टू का रिजल्ट घोषित करना है। सीआरपी यह सुनिश्चित करें कि अपने अपने सीआरसी में एसए टू का परीक्षाफल निर्धारित तिथि को हरहाल में हो। बैठक में बीआरपी श्रीकांत चौबे, प्रकाश कुमार सिंह, सीआरपी संजय कुमार सिंह, अजय कुमार, प्रशांत कुमार देव, सुबोध कुमार, शक्तिदास सिन्हा, वीरेन्द्र प्रजापति सहित सभी सीआरपी उपस्थित थे।

## पांडू में दो समुदायों के बीच भिड़ंत मामले में 50 से पर एफआईआर, 10 गिरफ्तार

# प्रभावित कजरु कला के घटनास्थल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू

बंशीधर न्यूज

**विश्रामपुर :** पांडू थाने के कजरु कला में गुरुवार की शाम मस्जिद के रास्ते बाईक जुलूस पार नहीं करने को लेकर दो समुदायों के बीच हुई भिड़ंत मामले में पुलिस ने दोनों समुदाय के दस लोगों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। करीब 50 से अधिक अज्ञात लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। वहां 144 लगा दिया गया है। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। घटना के विषय में बताया गया है कि गुरुवार की देर शाम लगभग साढ़े सात बजे रतनाग व रबरा गांव से दस-बारह बाईक पर सवार युवक कजरु कला के गली में जय श्री राम का जयघोष लगाते हुये आगे बढ़ रहे थे। इसी दौरान वे सभी जैसे ही मस्जिद के पास पहुंचे वहां मौजूद लोगों ने उन्हें रोककर मारपीट शुरू कर दिया। भीड़ द्वारा पिटाई से बचने के लिये कुछ युवक अपना बाईक वहीं छोड़कर किसी तरह जान बचाकर भागे। उसके बाद आक्रोशित लोगों ने उनकी नौ बाईक को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया।



जुलूस में शामिल पांच युवकों को बेरहमी से पिटाई भी कर दी। घटना की सूचना मिलने पर एसडीपीओ राकेश सिंह, इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान, सीओ रणबीर कुमार, थाना प्रभारी कुमार सौरभ सहित कई अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। वहीं दोनों पक्ष के कई लोगों को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। पुलिस सभी क्षतिग्रस्त बाईक को जब्त कर थाने ले आयी है। शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये कजरु कला के घटनास्थल क्षेत्र में गुरुवार की रात से ही धारा 144 लगा दिया गया है। हिरासत में लिये गये दोनों पक्ष के लोगों को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना है। जिन लोगों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है उसमें तौफीक अंसारी, असगर अली, अहमदुल्ला, नसीब व तौफीक आलम सभी ग्राम कजरू एवं विकास चौधरी, ललन चौधरी, सोनू चौधरी, अनिल कुमार और विकास कुमार के नाम शामिल हैं। इसके अलावे दोनों पक्ष के 50 से अधिक अज्ञात लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। घटनास्थल पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गयी है।

**आम चुनाव** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बुढ़ा पहाड़ क्षेत्र स्थित हेसातू मतदान केन्द्र का किया निरीक्षण

# बुढ़ा पहाड़ क्षेत्र में पूरे उत्साह के साथ मतदान करेंगे मतदाता : के रवि कुमार



**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा जिले के अति दुर्गम क्षेत्र अवस्थित बुढ़ा पहाड़ क्षेत्र के मतदाता लोकसभा चुनाव 2024 में पूरे उत्साह के माहौल में मतदान करेंगे। इसके लिये इस क्षेत्र में भयमुक्त वातावरण बना है। क्षेत्र सुरक्षित हुआ है और शांति व्यवस्था कायम हुई है। उक्त बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के रवि कुमार ने कही। वे आज बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेसातु स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी करीब 3.30 किलोमीटर बाईक से सफर कर मतदान केंद्र पर पहुंचे। उन्होंने मतदान केंद्र पर तैनात बीएलओ/पर्यवेक्षक एवं स्थानीय मतदाताओं से बातचीत की। उनकी समस्याओं को सुना। मतदान केंद्र पर न्यूनतम सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय एवं अन्य न्यूनतम सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मतदाताओं से मतदान के दिन भयमुक्त होकर मत देने की अपील की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की हालात अब बदले हैं। सुरक्षा बलों एवं जवानों की मेहनत से यह क्षेत्र भयमुक्त हुआ है और शांति व्यवस्था कायम हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि इन क्षेत्रों में पहले भी वोटिंग होती थी, लेकिन मतदाता छुप-छुप कर मत देने जाते थे। लेकिन लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाता पूरी तरह भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बच्चों के बीच मध्याह्न भोजन के तहत खाना परोसकर भी खिलाया। साथ ही मतदान केंद्र की कमियों को दूर करने के लिये संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मौके पर राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, एसटीएफ के डीआईजी इन्द्रजीत महथा, गढ़वा जिला के जिला निर्वाचन पदाधिकारी शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, स्वीप के राज्यस्तरीय प्रभारी देवदास दत्ता सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।



## 30 वर्षों बाद बूढ़ापहाड़ में बना मतदान केंद्र, निर्वाचन आयोग की टीम ने ग्रामीणों को किया मतदान के लिये जागरूक



**मेदिनीनगर :** प्रशासन ने बंपर वोटिंग को लेकर पूरा जोर लगा रखा है। इसी के तहत नक्सलियों के गढ़ बूढ़ापहाड़ में 30 वर्षों के बाद मतदान केंद्र बनाया गया है। यह क्षेत्र गढ़वा के बड़गड प्रखंड की टेहरी पंचायत में पड़ता है। हेसातु में बूढ़ापहाड़ के टॉप पर मौजूद झालुडेरा, कुल्हि, सरूअत, बेहेराटोली आदि गांव का मतदान केंद्र बनाया गया है। इधर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार और आईजी अभियान सह नोडल अधिकारी अमोल बी होमकर ने शुक्रवार को बूढ़ापहाड़ में अधिकारियों के साथ पहुंचकर ग्रामीणों के साथ बैठक की। बूढ़ापहाड़ के हेसातु मतदान केंद्र पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्थानीय वोटरों की समस्याएं सुनी और पुराने हालात की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि नक्सलियों के खौफ के कारण पहले ग्रामीण वोट देने नहीं जा पाते थे, जबकि मतदान केंद्र बदलने से ग्रामीणों को वोट देने के लिए 15 से 20 किलोमीटर का सफर करना पड़ता था। जब इलाका नक्सल प्रभावित था तो उस वक्त भी वोटिंग होती थी, लेकिन मतदाता छुप-छुप कर वोट देने जाते थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में बूढ़ापहाड़ इलाके में हालात बदले हैं। सुरक्षाबलों ने काफी मेहनत की है और इलाका सुरक्षित हुआ है। मौके पर सीआरपीएफ आईजी, डीआईजी एसटीएफ इंद्रजीत महथा, सीआरपीएफ डीआईजी सतीश लिंडा, गढ़वा डीसी शेखर जमुआर, गढ़वा एसपी दीपक पांडेय आदि मौजूद थे। बता दें कि पूर्व में बूढ़ापहाड़ के इलाके में मतदान केंद्र को रीलोकेट किया जाता था, जिस कारण ग्रामीणों को 15 से 20 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता था। मतदान केंद्रों रीलोकेट कर बूढ़ापहाड़ के कोर एरिया से दूर किया जाता था और हेलीकॉप्टर से मतदान कर्मियों को भेजा जाता था। बूढ़ापहाड़ के इलाके में 27 गांव में 89 टोले हैं। इस क्षेत्र के 16 गांव गढ़वा और 11 गांव लातेहार जिला में है।

# सड़क दुर्घटना में चार घायल

**बंशीधर न्यूज**



**भवनाथपुर :** मुख्य पथ के एचपी पेट्रोल पम्प के समीप बीती रात्रि एक बाईक और साइकिल के बीच हुई टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को राहगीरों और एंबुलेंस की मदद से भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिये भर्ती कराया गया। जहां आयुष चिकित्सक अभिनीत विश्वास ने प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल मकरी बसेरिया लेवा निवासी नरेश सिंह के पुत्र छोटे लाल सिंह को गढ़वा रेफर कर दिया। जबकि अन्य घायल खरौंधी करीवाडीह निवासी श्रवण ठाकुर के पुत्र गोलू कुमार, पाटन थाना नवडीहा निवासी बुद्धि राम के पुत्र आयुष कुमार और बसेरिया लेवा निवासी सुदेश्वर पाल का प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि बीती रात्रि एक साईकिल पर सवार सुदेश्वर पाल और छोटे लाल सिंह भवनाथपुर आ रहे थे। जबकि एक बाईक से गोलू ठाकुर और आयुष कुमार श्री बंशीधर नगर से भवनाथपुर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान दोनां के बीच टक्कर हो गई।

## जागृति युवा क्लब के कोषाध्यक्ष व सदस्य ने किया रक्तदान




**बंशीधर न्यूज**

गढ़वा : लगभग 10 वर्षों से रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रहे स्वयंसेवी संगठन जागृति युवा क्लब के कोषाध्यक्ष विवेकानंद पाल व सक्रिय सदस्य नागेंद्र पाल ने एक-एक यूनिट रक्तदान किया। उन्होंने नगर निवासी राजकुमार के पुत्र शशिकांत एवं मोरबे गांव निवासी ललन प्रसाद की माता के लिये रक्तदान किया। जानकारी के अनुसार उक्त मरीज के परिजनों ने क्लब के सचिव आशीष कुमार अग्रवाल से रक्त की आवश्यकता संबंधी संपर्क किया था। मौके पर क्लब के अध्यक्ष जितेंद्र पाल ने कहा कि जरूरतमंदों के लिये रक्तदान करना एक पुनीत कार्य है। क्लब के हमारे सभी साथी इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लेते रहते हैं। हम सभी को अपने जीवन का सार्थक उपयोग रक्तदान करके करना चाहिये। मौके पर नागेंद्र पाल, मनीष कमलापुरी, शैलेंद्र कमलापुरी, उमेश कमलापुरी आदि उपस्थित थे।

# सिंघीताली में घर में लगी आग, अनाज, सामान व पैसा जलकर राख

**बंशीधर न्यूज**



**भवनाथपुर :** प्रखंड अंतर्गत चपरी पंचायत के सिंघीताली गांव में शुक्रवार की दोपहर में आगलगी की घटना घटित हुई। इस घटना में स्व भीम राम की पत्नी मंजू कुंवर के घर में रखा अनाज, अन्य सामान व पैसा जलकर राख हो गया। घटना मंजू कुंवर के घर में हुई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह मंजू भवनाथपुर में मजदूरी करने गयी थी। दोपहर को घर में लगने की सूचना ग्रामीणों ने दी। ग्रामीणों द्वारा आग बुझाने का काफी प्रयास किया गया, परन्तु तब तक घर में रखे सभी सामान जल चुके थे। पीड़िता ने बताया कि हमें पता नहीं है कि आग कैसे लगा। इस घटना में घर में रखा चावल, गेहूं, 25 हजार रुपया एवं घर का कपड़ा से लेकर आभूषण तक सारा सामान जलकर राख हो गया है। मंजू कुंवर काफी गरीब महिला है, जो मेहनत मजदूरी कर अपने घर परिवार का पेट चलाती है। मंजू ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

## राजधानी रांची में ऐतिहासिक होगी इंडि गठबंधन की उलगुलान महारैली

# गढ़वा जिले से शामिल होंगे 25 हजार कार्यकर्ता : धीरज दुबे

**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** रांची में आगामी 21 अप्रैल को आयोजित उलगुलान महारैली ऐतिहासिक होगा। इस महारैली में गढ़वा से लगभग 25 हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। सभी कार्यकर्ता विभिन्न बसों, चार पहिया वाहन आदि के माध्यम से रांची पहुंचेंगे। वहां पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन करेंगे। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने शुक्रवार को शहर के चिनियां रोड स्थित होटल पद्मावती में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही। श्री दुबे ने कहा कि भाजपा मीठा जहर घोलकर लोकतंत्र पर कुठाराघात कर रही है। यदि जनता इस बार सचेत नहीं हुई तो मतदान के अधिकार से सभी को वंचित हो जाना पड़ेगा। भाजपा इस बार सत्ता में आयी तो अगली बार से चुनाव बंद कराने की तैयारी में है। इस बार भी सभी प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं को भाजपा चुनाव से ठीक पहले बेवजह जेल में बंद कर चुनाव को एकतरफा करने का प्रयास कर रही है। साथ ही भाजपा ने ईडी, सीबीआई, चुनाव आयोग आदि सभी का दुरूपयोग कर अपने हित में कार्य करवा रही है। श्री दुबे ने



कहा कि भाजपा चंदा दो, धंधा लो के तर्ज पर काम कर रही है। इस तरह से बहुत बड़ा स्कैम चलाया जा रहा है। किसी भी ठेका कार्य को अधिक स्टीमेट बनाकर कार्य कराया जा रहा है। दो लोग मिलकर सिर्फ गुजरात और गुजरातियों का ही भला चाहते हैं। उनकी शैली में सबका साथ और सिर्फ गुजरात का विकास है। श्री दुबे ने कहा कि भाजपा को जहां-जहां चुनाव हारने का डर है वैसे जगह झारखंड, दिल्ली के मुख्यमंत्री को चुनाव से ठीक पहले जबरन जेल में बंद करवा दिया। यदि भाजपा में इतनी क्षमता थी तो मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी चुनाव के बहुत पहले या बाद में करायी जा सकती थी। उन्होंने कहा कि जो मीडिया हाउस भाजपा के खिलाफ आवाज उठाती है, उसके यहां छापामारी कराया जाता है। आज स्थिति यह बन गई है कि देश के सभी संवैधानिक तंत्रों को अपनी मुट्ठी में कर पुनः सत्ता पाने के लिये दुरूपयोग कर रही है। आज लोकतंत्र पूरी तरह से खतरा में पड़ गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड सहित पूरे देश की जनता को जागरूक होने की जरूरत है। भाजपा के काली करतूतों को समझते हुये जनता को लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ करने वाली ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का एकमात्र मकसद है किसी भी प्रकार से हर हथकंडा अपनाकर सत्ता में बने रहना। भाजपा देश एवं देशवासियों के लिये नहीं बल्कि सिर्फ सत्ता के लिये काम करती है। श्री दुबे ने कहा कि भाजपा जुमलों के लिये जानी जाती है। वह नारों के माध्यम से मनोवैज्ञानिक माहौल बनाना चाहते हैं। जबकि कई चुनाव में जनता उन्हें धुल चटा चुकी है। वर्ष 2019 में भाजपा ने झारखंड में दावा किया था 65 पार सीट मिली 25 सीट, हरियाणा में दावा था 75 पार मिली 40 सीट, 2020 में दिल्ली में दावा था 45 पार मिली 8 सीट, 2021 में बंगाल में दावा था 200 पार मिली 77 सीट, तमिलनाडु में दावा था 118 पार मिली 4 सीट, 2023 में कर्नाटक में दावा था 130 पार मिली 66 सीट। अब 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा नारा लगा रही है 400 पार परंतु 150 से अधिक सीटें नहीं मिलने वाली हैं। प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, केंद्रीय सदस्य शरीफ अंसारी, विधायक प्रतिनिधि अशर्फी राम उपस्थित थे।






# पहले चरण में 60 प्रतिशत से अधिक मतदान



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में शुक्रवार को 21 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में हुआ मतदान छिटपुट घटनाओं को छोड़कर लगभग शांतिपूर्ण रहा। मतदान का आंकड़ा 60 प्रतिशत से अधिक रहा। आंकड़ों का मिलान किया जा रहा है और यह आंकड़ा आधा-एक प्रतिशत तक बढ़ सकता है। त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल और असम में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक चला। इसके साथ ही सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश की राज्य विधानसभाओं और 18वीं लोकसभा के लिए 10 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में मतदान प्रक्रिया पूरी हो गई।

चुनाव आयोग के अनुसार पहले चरण में अरुणाचल प्रदेश की सभी दो सीटों पर 66.21, असम की 14 सीटों पर 71.56, बिहार की चार सीटों पर 47.74, छत्तीसगढ़ की 11 सीटों पर 63.41, मध्य प्रदेश की छह सीटों पर 63.50, महाराष्ट्र की पांच सीटों पर 55.35, मणिपुर की दो सीटों पर 68.81, मेघालय की सभी दो सीट पर 73.89, मिजोरम की एक सीट पर 54.23, नगालैंड की एक सीट पर 56.91, राजस्थान की 12 सीट पर 52.43, तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर 62.32, त्रिपुरा की एक सीट पर 80.84, उत्तर प्रदेश की आठ सीटों के लिए 57.90, लक्षद्वीप की एकमात्र सीट पर 59.02, पुदुचेरी की एकमात्र सीट पर 73.37, उत्तराखंड की सभी पांच सीटों पर 53.77, पश्चिम बंगाल की तीन सीट पर 77.57, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की एकमात्र सीट पर 56.87 और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर 65.08 प्रतिशत मतदान हुआ है।

इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के लिए 68.24 प्रतिशत और सिक्किम विधानसभा के लिए 68.04 प्रतिशत मतदान हुआ है। उपचुनाव की बात की जाए तो तमिलनाडु की एक विल्वनकोड सीट पर 56.68 और त्रिपुरा की रामनगर सीट पर 67.81 प्रतिशत मतदान हुआ है। उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, मेघालय, नागालैंड, मिजोरम, तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप सहित 10 राज्यों ने अपनी मतदान प्रक्रिया पूरी कर ली। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्तों- ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के नेतृत्व में आयोग ने निर्वाचन सदन में सभी निर्वाचन क्षेत्रों में पहले चरण में मतदान की प्रगति की लगातार निगरानी की। इस उद्देश्य के लिए मुख्यालय में एक अत्याधुनिक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया था। राज्य व जिला स्तर पर भी ऐसे ही नियंत्रण कक्ष बनाये गये थे।



चुनाव आयोग के अनुसार आज मतदान केंद्रों के दृश्यों में समावेशी चुनाव सुनिश्चित करने के प्रयासों के सफल परिणाम देखने को मिले। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने की खुशी से झूमते हुए देश भर के मतदान केंद्रों पर आए। दक्षिण अंडमान में स्ट्रेट द्वीप से ग्रेट अंडमानी जनजाति ने भी उत्साहपूर्वक मतदान में भाग लिया।

लोकसभा चुनाव में बस्तर के 56 गांवों के लोगों ने पहली बार अपने ही गांव में बने मतदान केंद्र पर वोट डाला। गढ़चिरौली चिमुर, महाराष्ट्र से एक अन्य उदाहरण में, हेमलकसा बूथ पर स्थानीय जनजातीय बोली का उपयोग किया गया था, जिसमें सभी प्रासंगिक जानकारी शामिल थी। बिहार के बोधगया में बौद्ध भिक्षुओं को मुस्कुराते हुए और अपनी उंगलियों पर गर्व का प्रदर्शन करते हुए देखा गया। पश्चिम बंगाल और मणिपुर में हिंसा की कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान काफी हद तक शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से जारी है। पश्चिम बंगाल में कूचबिहार और जलपाईगुड़ी में कुछ स्थानों पर भाजपा और टीएमसी के कार्यकताओं के बीच हिंसक छड़पें और उनके कार्यालयों में तोड़फोड़ होने की सूचना है। उधर, पूर्वोत्तर के मणिपुर के मैरांग केंद्र पर गोलीबारी की घटना हुई। यहां दो गुटों के बीच यह टकराव हुआ लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि, इस टकराव के कारण यहां एक घंटे तक मतदान रोकना पड़ा।

छत्तीसगढ़ में वामपंथी उग्रवाद क्षेत्रों में भी छिटपुट घटनाओं के छोड़कर शांतिपूर्ण मतदान हुआ। हालांकि बीजापुर के गलकम के मतदान केंद्र के बाहरी इलाके में यूबीजीएल सेल विस्फोट की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी जवान देवेन्द्र कुमार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक अन्य घटना में बीजापुर के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के चेहका मतदान केंद्र के पास सर्चिंग के दौरान आईईडी विस्फोट से सीआरपीएफ असिस्टेंट कमांडेंट मनु एचसी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें रायपुर के नारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

आयोग ने मतदान को सुखद और यादगार अनुभव में बदलने पर विशेष जोर दिया था। पानी, शेड, शौचालय, रैंप, सहयोगी कार्यकर्ता, व्हीलचेयर और बिजली जैसी सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं मौजूद हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बुजुर्गों और विकलांग व्यक्तियों सहित प्रत्येक मतदाता आसानी से अपना वोट डाल सकें। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए थे। आयोग की ओर से 41 हेलीकॉप्टर, 84 विशेष ट्रेन और करीब एक लाख चार पहिया वाहन तैनात किए गए थे।

## कांग्रेस हमेशा देशहित में विश्वास रखने वाली पार्टीः खड़गे

**कटिहार (बिहार)।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शुक्रवार को बिहार के कटिहार जिला पहुंचे। उन्होंने राजेन्द्र स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और बिहार में एनडीए की सरकार होने के बावजूद सीमांचल का क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ है। यहां के कल कारखाने बंद हो गए और शेष बंद होने के कगार पर हैं। यहां के लोग रोजगार को लेकर पलायन कर रहे हैं।



कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कुछ लोग कल तक हमारे साथ थे लेकिन आज वे बीजेपी और एनडीए गठबंधन के साथ हैं लेकिन जनता अभी भी आईएनडीआई एलायंस के साथ मजबूती से जुड़ी है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस सिद्धांत वाली पार्टी हमेशा से रही है। हमेशा देशहित में विश्वास रखने वाली पार्टी है। कांग्रेस के दो बड़े नेता इंदिरा गांधी एवं राजीव गांधी ने देश की सेवा करते हुए जान दे दी। कांग्रेस का उसूल होता है, जिनके लिए हम लड़ते रहते हैं और बीजेपी का क्या है आरएसएस के एजेंडे को आगे ले जाना।

खड़गे ने जनसभा में मौजूद लोगों से पूछा कि क्या आप चाहते हैं कि इस देश में आरएसएस का एजेंडा चले? यदि नहीं तो कटिहार से कांग्रेस प्रत्याशी तारिक अनवर को भारी बहुमत देकर देश में आईएनडीआई एलायंस को मजबूत करते हुए केंद्र में सरकार बनाये।

## हमारी सरकार किसी से दबती नहीं है : मोदी

**दमोह।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश के दमोह में लोकसभा प्रत्याशी राहुल लोधी के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय केन्द्र में जो भाजपा की सरकार है वह न किसी दबाव में आती है और न ही किसी के सामने झुकना जानती है। उन्होंने भाजपा सरकार की पिछले 10 वर्षों की अहम उपलब्धियों को गिनाते हुए फिर एक बार प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि 2024 का लोकसभा चनाव केवल सांसद चुनने का नहीं, बल्कि देश की आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सुनिश्चित करने का चुनाव है। यह चुनाव आने वाले पांच वर्ष में भारत को दुनिया की बड़ी शक्ति बनाने का चुनाव है। जब दुनिया भर में युद्ध का माहौल हो तो भारत में युद्ध स्तर पर काम करने वाली मजबूत सरकार का होना आवश्यक है। यह काम केवल पूर्ण बहुमत वाली भाजपा की सरकार ही कर सकती है।



उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में देश ने देखा है कि एक स्थिर सरकार विपरीत परिस्थियों में भी कुशल कार्य कर सकती है। कोरोना काल में पूरी दुनिया में हाहाकार मच गया था, मगर देश की मजबूत भाजपा सरकार ने पूरी दुनिया से भारतीयों को देश में सुरक्षित वापस लाई। भाजपा सरकार ने करोड़ों भारतीयों को निःशुल्क राशन प्रदान किया और कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन की खुराक भी लगवाई। भाजपा ने राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर कार्य करते हुए देशहित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज विश्व में बहुत से देशों की हालत खराब है, कई देश दिवालिया होने की कगार पर खड़े हैं। भारत का एक पड़ोसी देश, जो आतंक का सप्लायर था, वह अब आटे की सप्लाई के लिए तरस रहा है। ऐसे वैश्विक हालातों में भारत, विश्व में सबसे तेजी से विकसित हो रहा है। आज दुनिया में भारत की वाह-वाही हो रही है, जिस पर हर भारतीय को गर्व हो रहा है। यह सब देश की जनता के वोट के कारण ही हो पाया है। देश के कोने-कोने में फिर एक बार मोदी सरकार के नारों की गूंज सुनाई दे रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भारत के रक्षा क्षेत्र को दशकों तक कमजोर बनाए रखा। कांग्रेस की सरकारों ने सेना के लिए हथियार खरीदने में भी अपना फायदे पर ज्यादा ध्यान दिया। इन लोगों ने पूरी ताकत लगाकर देश की वायुसेना को कमजोर करने और राफेल विमान से वंचित रखने का प्रयास किया। अगर आज देश में कांग्रेस की सरकार होती भारत में निर्मित तेजस फाइटर प्लेन आकाश की बुलंदियों की नहीं छू रहा होता। भाजपा सरकार ने भारतीय सेना को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया है। आज भारत की पहचान, दूसरे देशों को हथियार निर्यात करने वाले देश के रूप में बन रही है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)